प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

सेवामें,

मुख्य शिक्षा अधिकारी
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / प0प0 2024 / 1853-2017 / 2023–24 दिनांक 21 नवम्बर 2023।

**विषय : हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) परिषदीय् परीक्षा 2024 के आवेदन–पत्रों में संशोधन/UPDATE करने विषयक।**

महोदय,

उक्त विषय के संदर्भ में सूच्य है कि हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) परिषदीय् परीक्षा 2024 के आवेदन पत्र ऑन–लाइन भरे गये थे। कतिपय विद्यालयों द्वारा इस कार्यालय से अनुरोध किया जा रहा है कि उनके द्वारा कुछ परीक्षार्थियों के नाम / जन्मतिथि / विषय आदि की अंकना त्रुटिपूर्ण कर दी गयी है जिसमें संशोधन किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि व्यापक छात्र हित में **छात्रों के परीक्षा आवेदनपत्र में सुधार हेतु पोर्टल दिनांक 21 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक खुला रहेगा।**

**उक्त अवधि में विद्यालय परिषद् की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड** (यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड पूर्ववत ही रहेगा) **से लॉग–इन (Login) कर निम्न फील्डों में संशोधन / त्रुटि सुधार/UPDATE कर सकेंगे।**

**1.** परीक्षार्थी के नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में)
**2.** परीक्षार्थी के पिता का नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में)
**3.** परीक्षार्थी की माता नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में),
**4.** लिंग (Sex)
**5.** जन्मतिथि (हाईस्कूल कक्षा 10 के संदर्भ में) / ग्रुप (इण्टर कक्षा 12 के संदर्भ में)
**6.** विषय (Subject)
**7.** परीक्षार्थी की फोटो एवं हस्ताक्षर।

सुधार / संशोधन की इस प्रक्रिया में विद्यालय लॉग–इन करने पर, विद्यालय से कक्षा 10 / 12 की परिषदीय परीक्षा 2024 हेतु पंजीकृत छात्रों की सूची प्रदर्शित होगी। प्रत्येक छात्र के नाम के अंतिम कॉलम में **EDIT** का विकल्प (ऑप्शन) होगा। जिस छात्र / छात्रा के डाटा को सही / **UPDATE** करना है उसके नाम के आगे **EDIT** में क्लिक करें। छांत्र / छात्रा का पूरा डाटा वाला पेज खुलेगा। छात्र / छात्रा की जिस सूचना को **सही / UPDATE** करना है उसे पूरी सावधानी से **सही / UPDATE** करें। उसके उपरांत पेज के अंतिम में **UPDATE** पर क्लिक करें। छात्र / छात्रा का डाटा **सही / UPDATE** हो जाएगा, और उसका नाम स्वतः **सुधार सूची (CORRECTION LIST)** में अंकित हो जाएगा।

**ध्यान रहे इस प्रक्रिया में किसी भी छात्र / छात्रा के डाटा में केवल एक बार संशोधित / UPDATE किया जा सकेगा। एक बार डाटा UPDATE होने के उपरांत संबंधित छात्र / छात्रा के डाटा को किसी भी दशा में दुबारा सही / UPDATE नहीं किया जा सकेगा। अतः यह कार्य पूरी सावधानी से करें। सूची में से केवल उसी छात्र / छात्रा का डाटा सही / UPDATE करें जिसका कोई विवरण त्रुटिपूर्ण अंकित हो, अनावश्यक अन्य छात्रों के डाटा में छेड़छाड़ न करें।** यदि आप ऐसा करते हैं तो संबंधित छात्र का डाटा भी सुधार सूची (CORRECTION LIST) में स्वतः ही अंकित हो जाएगा जिससे अनावश्यक रूप से काम बढेगा।

उक्तवत संशोधन / त्रुटि सुधार करने के उपरांत विद्यालय अपनी सुधार सूची **(CORRECTION LIST)** निकाल कर एक प्रति परिषद् को प्रेषित करेंगे और एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। सुधार सूची **(CORRECTION LIST)** में विद्यालय द्वारा किए गए संशोधनों का विवरण अंकित होगा।

इस सम्बन्ध में आप अपने स्तर से अपने जनपद के समस्त विद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे ताकि विद्यालय उक्तवत कार्य का सम्पादन नियत अवधि के अंतर्गत कर सकें। यदि इसके उपरांत भी किसी विद्यालय के डाटा में त्रुटि परिलक्षित होती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष का होगा।

भवदीय

21.11.2023
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।
21/11/2023

पृ0सं0 : उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / प0प0 2024 / 1855-2017 / 2023–24 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि : निम्न की सेवामें सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक (मा0शि0) / सभापति उ0वि0शि0प0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. अपर निदेशक (मा0शि0), गढवाल मण्डल पौडी एवं कुमांयू मण्डल नैनीताल।
4. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।
5. समस्त प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य, माध्यमिक विद्यालय उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

21.11.2023

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)।

21/11/2023

## कार्यालयः– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

### प्रेस विज्ञप्ति

समस्त प्रधानाचार्यो/प्रधानाध्यापको को अवगत कराना है कि कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे गये थे। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्रों में परीक्षार्थी का नाम, पिता एवं माता का नाम, लिंग, विषय एवं जन्मतिथि में यदि त्रुटि रह गयी हो तो त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल **दिनांक 21 नवम्बर, 2023 से दिनांक 04 दिसम्बर, 2023 की मध्य रात्रि तक खुला रहेगा।** विद्यालय की यूजर आई0डी0 व पासवर्ड पूर्ववत् ही रहेगा। इस हेतु लिंक परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के Board Examination आइकन पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव

पत्रांकः– उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/डा0प्रो0/2018-21/2023–24 दिनांकः–21 नवम्बर, 2023

सेवा में,

सम्पादक महोदय,

अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान एवं उत्तर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन अपने समाचार पत्र के **उत्तराखण्ड संस्करण पृष्ठ** पर 8X6 से0मी0 के विज्ञापन में प्रकाशित कर समाचार पत्र की मूल प्रति सहित देयक जिला सूचना अधिकारी से दर प्रमाणित करा कर दो प्रतियों में प्रस्तुत करें।

21.11.2023

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)